**प्रेषक,**

निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

**सेवा में,**

1. प्राचार्य,
   जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

**पत्रांकः** राशै 23715-868 /2021-22 **दिनांकः** 13 अक्टूबर, 2021

**विषयः <u>शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (NISHTHA 3.0 FLN) के संचालन के सम्बन्ध में।</u>**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं अंकीय दक्षताओं के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (NISHTHA 3.0 FLN) आरम्भा किया गया है। तत्क्रम में निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गाइडलाइन प्रेषित की गयी है। गाइडलाइन्स के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक के समस्त शिक्षकों का एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा विकसित शिक्षक-प्रशिक्षक मॉड्यूल पर निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम माह अक्टूबर 2021 से आयोजित किया जाना है।

NISHTHA 3.0 (FLN) समग्र शिक्षा के तहत आरम्भिक स्तर के शिक्षकों के क्षमता सम्वर्द्धन हेतु एक समग्र कार्यक्रम है। निष्ठा के तहत विकसित मॉड्यूल बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सभी पाठ्यक्रम सीखने के परिणामों के आसपास केंद्रित, शिक्षार्थी केंद्रित एवं शिक्षण अधिगम प्रक्रिया पर आधारित हैं। निष्ठा एकीकृत प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी अनुशंसित क्षेत्रों को शामिल किया गया है और इसका उद्देश्य शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों का समग्र विकास करना है। निष्ठा एकीकृत पाठ्यक्रम में शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों द्वारा रुचिपूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शैक्षिक खेलों, क्विज़ आदि को स्थान प्रदान किया गया है। शिक्षकों के लिए चिंतनशील और आकर्षक गतिविधियों के साथ इंटरैक्टिव बनाया गया है, जो कि शिक्षकों को छात्रों के सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए अपने संबंधित कक्षाओं में इसे लागू करने के लिए प्रेरित करेगा। NISHTHA 3.0 (FLN) का उद्देश्य एनईपी 2020 की सिफारिशों के आधार पर एफएलएन के प्रमुख उद्देश्यों को प्राप्त करना है।

**1— <u>कार्यक्रम का उद्देश्य</u>**

1. खेल, खोज, और गतिविधि आधारित शिक्षाशास्त्र को शामिल करके एक समावेशी कक्षा वातावरण सुनिश्चित करना, बच्चों के दैनिक जीवन स्थितियों और बच्चों की स्थानीय भाषाओं को औपचारिक रूप से शामिल करना।
2. बच्चों में पढ़ने और लेखन कौशल की अभिरुचि विकसित करना। बच्चों को स्वतंत्र पठन और लेखन में सक्षम बनाना।

3. बच्चों में संख्या, माप और आकार की समझ विकसित करना। उन्हें संख्यात्मक और परिवेशीय समस्या को सुलझाने में सक्षम बनाना।
4. बच्चों को परिचित/घर/मातृ भाषा (एस) में उच्च गुणवत्ता और सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी शिक्षण अधिगम सामग्री की उपलब्धता और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना ।
5. शिक्षकों, हेड टीचर्स, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स और एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेटर्स की सतत क्षमता निर्माण पर ध्यान देना।
6. बच्चों के आजीवन सीखने की एक मजबूत नींव बनाने के लिए सभी हितधारकों यानी शिक्षकों, माता–पिता, छात्रों और समुदाय, नीति निर्माताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना।
7. पोर्टफोलियो, समूह और सहयोगी कार्य, परियोजना कार्य, क्विज़, नाटकों, खेल, मौखिक प्रस्तुतियों, लघु परीक्षणों आदि के माध्यम से सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सीखने का आकलन) सुनिश्चित करना।
8. सभी छात्रों के सीखने के स्तर का लगातार अनुश्रवण करना।

## 2– <u>कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं एवं दिशा–निर्देश</u>

- वर्ष 2021–22 में निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (FLN 3.0) **'दीक्षा'** पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संचालित किया जायेगा।
- निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु कुल 12 ई–मॉड्यूल एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा विकसित किये गये हैं। प्रत्येक मॉड्यूल दीक्षा पोर्टल पर एक कोर्स के रूप में राज्य द्वारा अपलोड किया जायेगा।
- शिक्षकों को निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु दीक्षा एप पर अपना विभागीय/ई–मेल आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग करके पंजीयन करना होगा। (यदि पूर्व में पंजीकरण न किया गया हो)
- शिक्षक द्वारा कोर्स हेतु स्वयं अपना नामांकन किया जायेगा एवं निर्धारित समयावधि में कोर्स पूरा किया जायेगा।
- निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कोर्स में कुल 12 कोर्स होंगे। शिक्षकों को अपनी सीखने की गति एवं सुविधा के अनुसार योजना बनाकर एक कोर्स को पूरा करने के लिए 3 से 4 घण्टे का समय देना होगा।
- प्रत्येक कोर्स को पूर्ण करने हेतु प्रशिक्षार्थी को ऑनलाइन मूल्यांकन टेस्ट में निर्धारित अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कोर्स को पूर्ण करने के बाद सम्बन्धित कोर्स के मूल्यांकन में 70 प्रतिशत प्राप्त करने पर प्रमाणपत्र शिक्षक को ऑनलाइन प्राप्त होगा।
- प्रत्येक एक माह में दीक्षा पोर्टल पर 02 कोर्स अपलोड किये जायेंगे। इस प्रकार निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के 12 कोर्स शिक्षकों को 06 माह की अवधि में पूर्ण करने होंगे।
- सभी 12 मॉड्यूल/कोर्स निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने पर निष्ठा प्रशिक्षण प्रमाणपत्र शिक्षक को ऑनलाइन प्राप्त होगा। प्रमाण पत्र प्राप्त होने में 0–15 दिन का समय लग सकता है।

- स्टेट टेक्निकल एडमिन द्वारा अनुमोदित कोर्स को दीक्षा पोर्टल पर लाइव किया जायेगा।
- स्टेट टेक्निकल एडमिन द्वारा राज्य, जिला एवं विकास खण्ड स्तर से कोर्स लिंक को सभी शिक्षकों तक पहुँचाया जायेगा।
- स्टेट टेक्निकल एडमिन द्वारा प्रत्येक जिले से **डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन एवं डिस्ट्रिक्ट निष्ठा को–आर्डिनेटर का** एक **UP NISHTHA व्हाट्सएप/ टेलीग्राम ग्रुप बनाया जायेगा।**
- डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन द्वारा जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से टेक्निकल एडमिन, ब्लॉक निष्ठा को–आर्डिनेटर एवं जनपद के समस्त के0आर0पी0 एवं एस0आर0पी0 का एक DISTRICT NISHTHA व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा।
- ब्लॉक टेक्निकल एडमिन द्वारा ब्लॉक के समस्त शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए BLOCK NISHTHA TELEGRAM ग्रुप बनाया जायेगा।
- स्टेट टेक्निकल एडमिन द्वारा प्रत्येक निष्ठा प्रशिक्षण मॉड्यूल/कोर्स का लिंक UP NISHTHA व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रत्येक जिले के डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन एवं डिस्ट्रिक्ट निष्ठा को–आर्डिनेटर को भेजा जायेगा।
- डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन द्वारा प्रत्येक निष्ठा प्रशिक्षण मॉड्यूल/कोर्स का लिंक निष्ठा डिस्ट्रिक्ट एडमिन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जिले के समस्त ब्लॉक टेक्निकल एडमिन, ब्लॉक निष्ठा को–आर्डिनेटर, के0आर0पी0 एवं एस0आर0पी0 को भेजा जायेगा।
- ब्लॉक टेक्निकल एडमिन द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षण मॉड्यूल/कोर्स का लिंक निष्ठा ब्लॉक टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, शिक्षामित्रों एवं अंशकालिक अनुदेशकों को भेजा जायेगा।
- निष्ठा प्रशिक्षण कोर्स का लिंक दीक्षा पोर्टल पर लाइव होने के अगले दिन तक समस्त प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, शिक्षामित्रों एवं अंशकालिक अनुदेशकों तक अधिकारिक सूचना के माध्यम से पहुंचाना सुनिश्चित किया जायेगा।
- **स्टेट को–ऑर्डिनेटर द्वारा निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण का कोर्स कैलेण्डर निर्धारित किया जायेगा एवं सभी शिक्षकों को अधिकारिक सूचनातंत्र के माध्यम से सूचित किया जायेगा।**
- सभी डायट फैकल्टी, ए0आर0पी0, के0आर0पी0, एस0आर0पी0, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अंशकालिक अनुदेशकों (कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 1 से 8) को **सभी 12 NISHTHA 3.0 (FLN) प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण करने अनिवार्य होंगे।**

3– <u>प्राचार्य, डायट के कार्य एवं दायित्व</u>

- डायट प्राचार्य द्वारा जनपद स्तर पर **एक निष्ठा प्रोग्राम को–आर्डिनेटर एवं दो डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन को नामित किया जायेगा एवं निर्धारित प्रारूप पर सूचना एस0सी0ई0आर0टी0 को प्रेषित की जायेगी।** डिस्ट्रिक्ट

- डायट प्राचार्य द्वारा जनपद स्तर पर निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों की प्रशिक्षण गतिविधियों सम्बन्धी पृच्छाओं हेतु **एक 10–20 सदस्यीय एकेडमिक टीम** का गठन किया जायेगा।
- एकेडमिक टीम के सदस्यों का चयन जनपद के के0आर0पी0 एवं डायट प्रवक्ता से किया जायेगा।
- एकेडमिक टीम को सभी 12 कार्स पूर्ण करने होंगे।
- एकेडमिक टीम को एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा संचालित इंटरैक्टिव सेशन में प्रतिभाग करना होगा।
- एकेडमिक टीम को शिक्षकों के लिए इंटरैक्टिव सेशन संचालित करना होगा।
- एकेडमिक टीम को कक्षा–कक्ष में एन0सी0ई0आर0टी0 की टीम के साथ फॉलो–अप कार्य में संलग्न होना होगा।
- एकेडमिक टीम के सदस्यों को उनकी योग्यता के अनुसार निष्ठा (FLN 3.0) प्रशिक्षण मॉड्यूल शिक्षकों की पृच्छाओं/शंकाओं के समाधान हेतु आवंटित किये जायेंगे।
- डायट प्राचार्य जनपद के समस्त शिक्षकों का निर्धारित समयसीमा में ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे एवं जनपद में प्रत्येक निष्ठा कोर्स की प्रगति एवं अन्य गतिविधियों की सूचना से एस0सी0ई0आर0टी0 को अवगत करायेंगे।
- डायट प्राचार्य स्टेट टेक्निकल एडमिन द्वारा प्रेषित किये गये निष्ठा प्रशिक्षण **मॉड्यूल/कोर्स का लिंक प्रशिक्षण प्रारम्भ तिथि से एक दिन पूर्व समस्त प्रशिक्षणार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।**

4– <u>जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्य एवं उत्तरदायित्व</u>

- **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉक संसाधन केन्द्रों में एक निष्ठा को–आर्डिनेटर एवं दो टेक्निकल एडमिन नामित करेंगे एवं इसकी सूचना डायट प्राचार्य को देंगे।** डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन का कम्प्यूटर ज्ञान (MS WORLD, MS EXCEL, INTERNET, आदि) में कुशल होना अनिवार्य है। अधोलिखित प्रारूप पर प्रषित करें–

| नाम | पदनाम | जनपद | मो0नं0/ (whatsapp no.) | ई–मेल आई.डी. |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद के समस्त प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अंशकालिक अनुदेशकों (कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 1 से 8) का दीक्षा एप पर पंजीयन सुनिश्चित करायेंगे। (जो पूर्व से पंजीकृत नहीं हैं)

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद के समस्त प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अंशकालिक अनुदेशकों (कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 1 से 8) को निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण के सभी 12 कोर्स को पूर्ण करने हेतु निर्देशित करेंगे।
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद की निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण (FLN 3.0) के सभी कोर्स की प्रगति का अनुश्रवण करेंगे।

5— <u>खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्य एवं उत्तरदायित्व</u>

- **खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने ब्लॉक के पदेन निष्ठा ब्लॉक को–आर्डिनेटर होंगे।**
- ब्लॉक के समस्त प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 1 से 8) प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अंशकालिक अनुदेशकों का दीक्षा एप पर पंजीयन सुनिश्चित करायेंगे। (जिन्होंने पंजकरण न किया हो)
- ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अंशकालिक अनुदेशकों (कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 1 से 8) तक निष्ठा प्रशिक्षण मॉड्यूल/कोर्स का लिंक प्रशिक्षण प्रारम्भ तिथि से एक दिन पूर्व पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
- निष्ठा ब्लॉक टेक्निकल एडमिन एवं ब्लॉक में निष्ठा प्रशिक्षण हेतु नामित एकेडमिक टीम के सदस्यों (के0आर0पी0 एवं एस0आर0पी0) की अवस्थापना सम्बन्धी आवश्यकताओं की व्यवस्था करेंगे।
- खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड की निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण के सभी कोर्स की प्रगति का अनुश्रवण करेंगे।

6— <u>डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन के कार्य एवं उत्तरदायित्व</u>

- डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन स्टेट टेक्निकल एडमिन से प्राप्त निष्ठा प्रशिक्षण (FLN 3.0) मॉड्यूल/कोर्स के लिंक को प्रशिक्षण से एक दिन पूर्व समस्त विकासखण्ड के टेक्निकल एडमिन के0आर0पी0 एवं एस0आर0पी0 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की आने वाली तकनीकी समस्या का समाधान करेंगे अथवा स्टेट टेक्निकल एडमिन को अवगत करायेंगे।
- डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन स्टेट टेक्निकल एडमिन से प्राप्त निष्ठा प्रशिक्षण (FLN 3.0) मॉड्यूल/कोर्स की प्रगति से निष्ठा डिस्ट्रिक्ट को–आर्डिनेटर एवं ब्लॉक निष्ठा को–आर्डिनेटर को अवगत करायेंगे।

7— **ब्लॉक टेक्निकल एडमिन के कार्य एवं उत्तरदायित्व**

- ब्लॉक टेक्निकल एडमिन डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन से प्राप्त निष्ठा प्रशिक्षण (FLN 3.0) मॉड्यूल/कोर्स के लिंक को प्रशिक्षण से एक दिन पूर्व विकासखण्ड के समस्त प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अंशकालिक अनुदेशक तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

- ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शिक्षकों को किसी भी प्रकार की आने वाली तकनीकी समस्या का समाधान करेंगे अथवा डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन को अवगत करायेंगे।
- ब्लॉक टेक्निकल एडमिन डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल एडमिन से प्राप्त निष्ठा प्रशिक्षण मॉड्यूल/कोर्स की प्रगति से ब्लॉक निष्ठा को-आर्डिनेटर को अवगत करायेंगे।

**8– के0आर0पी0 एवं एस0आर0पी0 के कार्य एवं उत्तरदायित्व**

- के0आर0पी0 एवं एस0आर0पी0 ऑनलाइन प्रशिक्षण के समय शिक्षकों को आने वाली कोर्स सम्बन्धी एकेडमिक पृच्छाओं/शंकाओं का अपनी विशेषज्ञता के अनुसार समाधान करेंगे।

आपको निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर अग्रेतर कार्यवाही सम्पादित कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः उक्तवत्।**

भवदीय,

(डॉ0 सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह)
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

**पृ0सं0:** राशै/23715-868 /2021-22 **तद्‌दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक), बेसिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड, उत्तर प्रदेश।
9. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

(डॉ0 सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह)
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

| NISHTHA FLN 3.0 Online Training Schedule on Diksha | | |
|---|---|---|
| **Phase** | **Duration** | **Courses (2 course/month)** |
| **Phase 1** | **October 15-31, 2021** | Course 1: Introduction to FLN Mission<br>Course 2: Shifting Towards Competency Based Education |
| **Phase 2** | **November 1-30, 2021** | Course 3: Understanding Learner: How Children Learn? Course 4: Understanding Vidya Pravesh and Balvatika |
| **Phase 3** | **December 1-31, 2021** | Course 5: Foundation Language and Literacy Course 6: Foundation Numeracy |
| **Phase 4** | **January 1-31, 2022** | Course 7:Learning Assessment<br>Course 8: Involvement of Parents and Community for FLN |
| **Phase 5** | **February 1-28, 2022** | Course 9: ICT in Teaching, Learning and Assessment<br>Course 10: Multilingual Teaching in Foundational Years |
| **Phase 6** | **March 1-31, 2022** | Course 11: School Leadership Strengthening for FLN: Concepts & Application<br>Course 12: Toy Based Pedagogy |